कार्यकारिणी समिति

बैठक दिनाक 10/02/95

समय -- पूर्वान्ह 11 30 बजे

र प्रदेश सभी के लिए शिक्षा परियोजना

लखनऊ

(DPEP)

कार्यकारिणी समिति

बैठक दिनाक 10/02/95

समय पूर्वान्ह 11 30 बजे

LIBRARY & DOCUMENTATION UNIT
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016
DOC, No D-8584
Date 10-4-95

उत्तर प्रदेश--सभी के लिये शिक्षा परियोजना परिषद
कार्यकारिणी समिति की बैठक (सातवीं) का एजेण्डा

बैठक की तिथि : **10 फरवरी, 1995** स्थल : मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, सभाकक्ष ।

समय : **पूर्वान्ह 11:30 बजे**

क्रमांक	एजेण्डा बिन्दु	पृष्ठ
1	2	3
(1)	गत बैठक दिनांक 31/10/1994 की कार्यवृत्त की पुष्टि ।	1-4
(2)	गत बैठक की अनुपालन आख्या एव परियोजना से सम्बन्धित अद्यतन गतिविधियों का विवरण ।	5-9
(3)	सभापति, कार्यकारिणी समिति से प्राप्त आदेशो का अनुसमर्थन ।	10-11
(4)	वर्ष 1993--94 मं स्वीकृत कार्यक्रमो/गतिविधियो की प्रगति की समीक्षा ।	12-17
(5)	वर्ष 1994--95 में अनुमोदित कार्यक्रमों/गतिविधियो की प्रगति की समीक्षा।	18-29
(6)	वर्ष 1994-95 का संशोधित आय--व्ययक ।	30-36
(7)	वर्ष 1995--96 की वार्षिक कार्य--योजना एवं बजट (ए0डब्लू0पी0बी0)	37-39
(8)	स्वैच्छिक संस्थाओ को बेसिक शिक्षा क्षेत्र से सम्बन्धित कार्यक्रमों/ गतिविधियो के संचालनार्थ सहायता अनुदान कार्यक्रम ।	40-55
(9)	ग्राम शिक्षा समितियों को प्रोत्साहन अनुदान ।	56-60
(10)	राज्य परियोजना कार्यालय तथा जिला परियोजना कार्यालयो के पदो का का सृजन एव वाहन तथा अन्य सामग्री की व्यवस्था ।	61-62
(11)	वरिष्ठ विशेषज्ञ (निर्माण कार्य) का वेतनमान ।	63--
(12)	अन्य बिन्दु सभापति की अनुमति से --	
	(i) वित्तीय अधिकारो का प्रतिनिधायन	64--
	(ii) बी0आर0सी0 भवनो की चहारदीवारी का निर्माण	65-66
	(iii) परियोजना के विभिन्न समितियो के सदस्यो का यात्रा भत्ता देयको का भुगतान	67--

एजेण्डा बिन्दु – 1

गत बैठक दिनाँक 31/10/1994 की कार्यवृत्त की पुष्टि

उ0प्र0– सभी के लिये शिक्षा परियोजना परिषद की कार्यकारिणी समिति की (छठी) बैठक दिनाँक 31/10/1994 का कार्यवृत्त

उ0प्र0–सभी के लिये शिक्षा परियोजना परिषद की कार्यकारिणी समिति की (छठी) बैठक दिनाँक 31/10/1994 को मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन एवं सभापति, कार्यकारिणी समिति की अध्यक्षता में मध्यान्ह 12:00 बजे उनके सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। इस बैठक में प्रतिभाग करने वाले सदस्यों की सूची संलग्नक–1 पर है।

2. बैठक हेतु दिनाँक 28 अक्टूबर, 1994 के पत्र द्वारा प्रसारित एजेण्डा बिन्दुओं की टिप्पणी पर विचार–विमर्श हुआ तथा निम्नांकित निर्णय लिये गये :–

(1) कार्यकारिणी समिति की पाँचवीं बैठक दिनाँक 9 जून, 1994 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

(2) गत बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई। समिति इससे अवगत हुई।

(3) कार्यकारिणी समिति की गत बैठक (9 जून, 1994) के बाद से परियोजना से सम्बन्धित प्रमुख गतिविधियों की जानकारी समिति के सदस्यों/अधिकारियों को प्रदान की गई। गत बैठक के बाद आई0 डी0 ए0 का "द्वतीय सुपरविज़न मिशन" दिनांक 23–24 जून, 1994 तक प्रदेश भ्रमण पर आया था। मिशन ने यह सुझाव दिया था कि इस मिशन का "फालो अप मिशन" मुख्यतः प्रशिक्षण कार्यक्रमों को देखने के लिये आयेगा। "फालो अप मिशन" ने प्रथम चरण में लखनऊ, इलाहाबाद तथा सहारनपुर का भ्रमण दिनाँक 24–26 अक्टूबर, 1994 की अवधि में किया। द्वितीय चरण में "फालो अप मिशन" नवम्बर, 1994 के तृतीय सप्ताह में पुनः आयेगा।

(4) वर्ष 1993–94 मे स्वीकृत कार्यो की प्रगति समीक्षा की गई। प्राथमिक स्तर के 665 नवीन, 21 पुनर्स्थापना तथा 314 पुनर्निर्माण कुल 1000 स्कूल भवनों का निर्माण होना है, इनमें से 210 स्थलों पर निर्माण कार्य अप्रारम्भ है, 742 स्थलो पर कार्य प्रगति पर हैं तथा 48 भवन पूर्ण हो चुके हैं। उच्च प्राथमिक स्तर के 314 नवीन, 08 पुनर्स्थापना तथा 94 पुनर्निर्माण कुल 416 भवन निर्मित कराया जाना है। इनमें से 112 अप्रारम्भ हैं, 295 प्रगति पर हैं तथा 09 भवन पूर्ण रूप से निर्मित हो चुके हैं। पूर्व से संचालित स्कूलो में एक कक्ष तथा दो कक्ष के निर्माण हेतु क्रमशः 300 तथा 49 की स्वीकृति प्रदान की गई। एक कक्ष के 213 कार्य अप्रारम्भ हैं, 65 प्रगति पर हैं तथा 22 का कार्य पूर्ण हो चुका है। दो कक्षों में 23 का कार्य अप्रारम्भ है, 15 प्रगति पर हैं तथा 11 पूर्ण हो चुके हैं। 1411 स्वीकृत शौचालय के निर्माण कार्य में से 1196 अप्रारम्भ हैं, 102 प्रगति पर है तथा 113 पूर्ण हो चुके हैं। पेयजल व्यवस्था हेतु 1054 हैण्डपम्प लगवाये जाने थे, इनमें से 237 हैण्डपम्प लगाये जा चुके

है, 6 हैण्डपम्प का कार्य प्रगति पर है तथा 811 हैण्डपम्प का कार्य अप्रारम्भ है । ब्लाक संसाधन केन्द्रों के निर्माण का कार्य ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा द्वारा किया जा रहा है । 173 भवन निर्माण कार्य मे से 127 भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है । 05 स्थलों पर निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाना है तथा 41 भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है । ब्लाक संसाधन केन्द्रों के निर्माण कार्य का निरीक्षण नियोजन विभाग द्वारा कराया जा चुका है । इसकी आख्या प्राप्त हो चुकी है । इस सम्बन्ध में मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, राज्य परियोजना निदेशक तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक आयोजित की जा रही है तथा इसका साप्ताहिक अनुश्रवण भी शासन स्तर पर किया जा रहा है । प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्कूल भवनों का निर्माण एवं विस्तार कार्य का संयुक्त दायित्व ग्राम प्रधान तथा सम्बन्धित स्कूलों के प्रधानाध्यापक का है । इस सम्बन्ध मे यह निर्णय लिया गया कि परियोजना जनपद के सभी जिलाधिकारी जो जिला शिक्षा परियोजना समिति के अध्यक्ष भी हैं, को यह निर्देश दिया जाय कि वर्ष 1993–94 मे निर्माण कार्य से सम्बन्धित लक्ष्यों की प्राप्ति नवम्बर, 1994 के अन्त तक अवश्य सुनिश्चित करायें ।

(5) वर्ष 1994–95 में प्राथमिक स्तर के 739 नये स्कूल, 69 पुनर्स्थापना तथा 361 स्कूल भवनों का पुनर्निर्माण का लक्ष्य है । उच्च प्राथमिक स्तर पर 452 नये, 02 पुनर्स्थापना तथा 102 भवनों का पुनर्निर्माण का लक्ष्य है । विस्तार कार्य के अन्तर्गत 355 एक कक्षा–कक्ष, 84 दो कक्षा–कक्ष तथा 4378 शौचालयों का निर्माण एवं 2095 पेयजल व्यवस्था हेतु हैण्डपम्प लगाया जाना है । 1500 स्कूल संकुल भवनों का निर्माण भी कराया जाना है । प्रथम किश्त में, वर्ष 1994–95 के लिये स्वीकृत कार्यो के लिये राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराई गई (रूपया 25 करोड़), धनराशि मैदानी क्षेत्र के जनपदों का फाँट तैयार कर बैंक ड्राफ्ट द्वारा सितम्बर, 1994 में जनपदों को उपलब्ध करा दी गई है । उत्तराखण्ड के जनपदों के लिये स्वीकृति धनराशि रूपया 2·50 करोड़ पी0 एल0 ए0 में है, इसे अवमुक्त करने की कार्यवाही तत्काल की जाय । निर्माण कार्य के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया कि निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति वर्तमान वित्तीय वर्ष 1994–95 में अवश्य सुनिश्चित कराई जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि आवश्यक धनराशि के हस्तान्तरण में किसी स्तर पर कोई विलम्ब न हो । इस सम्बन्ध में जिला अधिकारियों को निर्देश भेजे जाये और मण्डलायुक्तों को प्रभावी अनुशीलन के लिये कहा जाय ।

(6) कार्यकारिणी समिति में रोटेशन से दो जिलाधिकारी एक वर्ष के लिये नामित किये जाते हैं । इस वर्ष जिलाधिकारी, इटावा तथा पौड़ी हैं । कार्यकारिणी समिति की आगामी बैठक में परियोजना जनपद के किसी अन्य जनपद के जिलाधिकारी को भी जनपद में परियोजना के क्रियान्वयन की प्रगति की स्थिति से अवगत कराने हेतु आमंत्रित किया जाय । इस निर्णय से सभी जिला अधिकारियों को अवगत करा दिया जाय ।

(7) गैर–सरकारी संगठनों की भूमिका तथा उनके योगदान के सम्बन्ध मे महिला समाख्या कार्यक्रम का उल्लेख किया गया । इस सम्बन्ध में यह अपेक्षा की गई कि आगामी वर्ष से गैर–सरकारी संगठनों की प्रभावी भूमिका सुनिश्चित की जाय ।

(8) भारत सरकार के प्रतिनिधि द्वारा जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान में रिक्त पदों के भरे जाने की ओर विशेष रूप से ध्यान आकृष्ट किया । इस सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया गया कि इनके पदों को सम्प्रति विभागीय अधिकारियों/शिक्षकों से यथाशीघ्र भर दिया जायेगा ।

(9) एजेण्डा के अन्य बिन्दुओं पर विचार–विमर्श सम्भव न हो सका । इसे समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा ।

3. अध्यक्ष तथा अन्य उपस्थित सदस्यों/अधिकारियों को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई ।

संलग्नक – एक

उ0प्र0–सभी के लिये शिक्षा परियोजना परिषद की कार्यकारिणी समिति की (छठी) बैठक दिनाँक 31/10/1994 में प्रतिभागियों की उपस्थिति

क्रमाँक	नाम एवं पदनाम
(1)	श्री बृजेन्द्र सहाय, मुख्य सचिव एवं सभापति,
(2)	श्री कर्नैल सिंह, प्रमुख सचिव (शिक्षा) एवं उप सभापति,
(3)	श्री एस0 आर0 तायल, निदेशक (यू0यू0), मानव संसाधन विकास मंत्रालय शिक्षा विभाग, नई दिल्ली ,
(4)	श्री शेखर अग्रवाल, सचिव (वित्त),
(5)	डॉ0 यशपाल, सचिव (पंचायतीराज),
(6)	श्री आलोक रंजन, सचिव (बेसिक शिक्षा),
(7)	श्री गोविन्दन नायर, राज्य परियोजना निदेशक,
(8)	श्री वी0 पी0 पाण्डेय, विशेष सचिव (नियोजन),
(9)	श्री परमेश्वरन अय्यर, विशेष सचिव (ग्राम्य विकास),
(10)	श्री पी0 पी0 बैरिया, विशेष सचिव (वित्त),
(11)	डॉ0 लक्ष्मी प्रसाद पाण्डेय, शिक्षा निदेशक (माध्यमिक),
(12)	श्री हरि प्रसाद पाण्डेय, शिक्षा निदेशक (बेसिक),
(13)	डॉ0 कृष्णावतार पाण्डेय, निदेशक, एस0 सी0 ई0 आर0 टी0,
(14)	श्री हरि प्रसाद पाण्डेय, निदेशक, उर्दू एवं प्राच्य भाषाएं,

अन्य उपस्थिति :

(1)	श्री शरदिन्दु, अपर राज्य परियोजना निदेशक
(2)	श्री महेश चन्द्र पन्त, वरिष्ठ विशेषज्ञ (अनौपचारिक शिक्षा)
(3)	श्री संजय मोहन, वरिष्ठ विशेषज्ञ (नियोजन एवं अनुश्रवण)
(4)	श्री कृष्ण गोपाल, वरिष्ठ विशेषज्ञ (वित्त एंव लेखा)
(5)	श्री आर0 एन0 डे, वरिष्ठ विशेषज्ञ (निर्माण कार्य)

गत बैठक की अनुपालन आख्या एवं परियोजना से सम्बन्धित अद्यतन गतिविधियों का विवरण

क्रमांक	निर्णय	अनुपालन आख्या
1	2	3
(1)	आई0 डी0 ए0 "फालो अप मिशन" का भ्रमण ।	द्वितीय सुपरविज़न मिशन (जून, 1994) ने एक फालो-अप मिशन मुख्यतः प्रशिक्षण कार्यक्रम को देखने के लिए द्वितीय चरण में दिनाँक 23–25 नवम्बर, 1994 को प्रदेश भ्रमण पर आया । मिशन द्वारा एक "नोट फॉर द रिकार्ड" तैयार किया गया, जिसके सम्बन्ध में दिनाँक 7 दिसम्बर, 1994 को प्रमुख सचिव (शिक्षा) के साथ बैठक हुई तथा 19 दिसम्बर, 1994 को भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग, नई दिल्ली स्तर पर बैठक हुई ।
(2)	वर्ष 1993–94 में स्वीकृति निर्माण कार्यो की प्रगति समीक्षा ।	वर्ष 1993–94 में स्वीकृति निर्माण कार्यो की प्रगति विवरण एजेण्डा बिन्दु–4 पर प्रस्तुत है ।
(3)	वर्ष 1993–94 तथा 1994–95 में स्वीकृति निर्माण कार्यो को वरीयता के आधार पर पूर्ण कराने तथा मण्डलायुक्तों द्वारा प्रभावी अनुशीलन ।	अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति का अर्द्ध–शा0 पत्र सं0–641/94–95, दिनाँक 25/11/94 द्वारा परियोजना से आच्छादित जनपदो के जिलाधिकारियों एवं अध्यक्ष, जिला शिक्षा परियोजना समिति को निर्देश दिए गए तथा इसका पृष्ठांकन सम्बन्धित मण्डल के मण्डलायुक्तों को किया गया ।
(4)	कार्यकारिणी समिति में रोटेशन से नामित दो जिलाधिकारियों के अतिरिक्त किसी अन्य परियोजना जनपद के जिलाधिकारी को भी परियोजना के क्रियान्वयन की प्रगति की स्थिति से अवगत कराने हेतु आमंत्रित किये जाने सम्बन्धी निर्णय से जिला-धिकारियों को अवगत कराया जाना ।	राज्य परियोजना कार्यालय का पत्रांक–703/स0शि0/विविध/निर्देश/7/94–95 दिनांक 13 दिसम्बर, 1994 द्वारा परियोजना जनपद से आच्छादित जनपद के जिलाधिकारियों एवं अध्यक्ष, जिला शिक्षा परियोजना समिति को अवगत कराया गया ।

1	2	3
(5)	आगामी वर्ष से गैर-सरकारी संगठनों की प्रभावी भूमिका का सुनिश्चित किया जाना ।	स्वैच्छिक संस्थाओ की बेसिक शिक्षा के क्षेत्र से संबंधित कार्यक्रमों/गतिविधियों के संचालनार्थ सहायता/अनुदान कार्यक्रम से संबंधित टिप्पणी एजेण्डा बिन्दु-8 पर प्रस्तुत है ।
(6)	जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों के रिक्त पदों का भरा जाना ।	परियोजना जनपद के जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवक्ता वेतनक्रम में 59 के पदस्थापन के आदेश निर्गत हो चुके हैं । शेष के संबंध में कार्यवाही की जा रही है ।

अद्यतन गतिविधियाँ

(1) फालो-अप मिशन-

परियोजना का आई0 डी0 ए0 द्वितीय सुपरविज़न मिशन (जन, 1994) ने अपने "एड मैमोयर" में प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में "फालो अप मिशन" का प्रस्ताव किया था । उक्त के अनुसार "फालो-अप मिशन" दो चरणो में परियोजना के अन्तर्गत चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का पर्यवेक्षण करने हेतु दिनाँक 24-26 अक्टूबर, 1994 तथा 23-25 नवम्बर, 1994 की अवधि में आया तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का स्थलीय निरीक्षण किया । मिशन द्वारा एक "नोट फॉर द रिकार्ड" तैयार किया गया, जिसके संबंध में दिनाँक 7 दिसम्बर, 1994 को प्रमुख सचिव (शिक्षा) के साथ बैठक आयोजित हुई तथा 19 दिसम्बर, 1994 को भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग, नई दिल्ली स्तर पर बैठक हुई । "फालो-अप मिशन" ने परियोजना द्वारा प्रशिक्षण के क्षेत्र में किये गये कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त की और यह विश्वास व्यक्त किया कि परियोजना के शेष विकासखण्डों में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आच्छादन आगामी वर्षो मे सम्भव हो सकेगा तथा कार्यक्रम की गुणवत्ता भी लगातार सुनिश्चित की जायेगी ।

(2) कार्यक्रम समिति-

उ0प्र0-सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद की कार्यक्रम समिति की निम्नांकित बैठकें सम्पन्न हुई :-

(क) समिति की चौथी बैठक दिनाँक 05 दिसम्बर, 1994 को सम्पन्न हुई । इस बैठक में वर्ष 1993-94 एवं 1994-95 के निर्माण कार्यो की समीक्षा के अतिरिक्त वर्ष 1994-95 के संशोधित आय-व्ययक पर विचार-विमर्श कर, संस्तुति की गई ।

(ख) समिति की पाँचवीं बैठक दिनाँक 24.01.1995 को सम्पन्न हुई । इस बैठक में कार्यक्रमों की समीक्षा के अतिरिक्त वर्ष 1995-96 के वार्षिक कार्य-योजना एवं बजट (ए0डब्लू0पी0बी0) के अनुमानों पर विस्तार से विचार-विमर्श कर, संस्तुति की गई ।

(3) वित्त समिति –

उ0प्र0–सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद की वित्त समिति की तीसरी बैठक दिनांक 13.12.94 की सम्पन्न हुई । इस बैठक में राज्य परियोजना कार्यालय तथा जनपद स्तरीय कार्यालयों में पदों के सृजन की संस्तुति की गई तथा कार्यक्रम समिति में हुए विचार–विमर्श के संदर्भ में वर्ष 1994–95 के पुनरीक्षित अनुमानों पर विचार–विमर्श कर अन्तिम रूप दिया गया ।

समिति की चौथी बैठक दिनांक 31.01.1995 को सम्पन्न हुई । इस बैठक में मुख्यतः वर्ष 1995–96 की वार्षिक कार्य–योजना एवं बजट (ए0डब्लू0पी0बी0) अनुमानों पर विचार–विमर्श करके अन्तिम रूप दिया गया ।

(4) नीति शोध सलाहकार समिति –

नीति शोध सलाहकार समिति की दूसरी बैठक में लिये गये निर्णयानुसार कार्यालय ज्ञाप संख्या–853/स0शि0/नी0शो0स0स0/7/94–95, (टी.सी.) दिनांक 21 जनवरी, 1995 द्वारा शोध/अध्ययन के प्रस्तावों का परीक्षण, अनुमोदन, स्वीकृति तथा नियमित अनुश्रवण हेतु एक "विशेषज्ञ समिति" का गठन किया गया है। इस समिति ने दिनांक 20.01.1995 की बैठक में प्राप्त 19 प्रस्तावो का परीक्षण कर निम्नांकित 9 अध्ययनों का अनुमोदन कतिपय अकादमिक शर्तो सहित किया :–

S.No.	Name of Organisation	Topic
1.	U.P. Desco, Lucknow	Whether, to what extent, and for what reasons SC & ST children are more disadvantaged than other groups of children in terms of Primary School Participation (Enrolment, Attendance & Completion of Grade-V).
2.	Lucknow University	The attitudes of Primary School teachers towards their profession and suggestions for improvement.
3.	Lucknow University	A study of the participation of the community in Primary Education in rural areas.
4.	Lucknow University	To study the operational problems of lady teachers working in Parishad Primary Schools with special reference to their professional problems.
5.	Lucknow University	Identification of problems in girls' education at Primary level.
6.	Lucknow University	A study to develop a pro-active model to check the phenomena of dropping out and repetition, through identification of potential drop-outs and repetition in Primary Schools of Nainital Distt.

S.No.	Name of Organisation	Topic
7.	I I T, Kanpur	A study of parents' preferences for sending children to Private/Parishad Schools : Role of Social class & urban/rural residence.
8.	Dayalbagh Educational Institute, Agra	Perception of parents belonging to various Socio-economic Strata towards the education of girls.
9.	Chandra Shekher Azad University of Agri-culture & Technology, Kanpur.	Level of Primary School participation of Children of SC/ST and other Social groups.

(5) एम0 आई0 एस0 क्रियान्वयन समिति –

उ0प्र0–सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद की "मैनेजमेण्ट इनफॉरमेशन सिस्टम" समिति की दूसरी बैठक दिनांक 21 जनवरी, 1995 की सम्पन्न हुई । समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि विद्यालय सांख्यिकी से संबंधित सॉफट्वेयर जो राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली द्वारा तैयार किया गया है उसे "सोर्स कोड" सहित अविलम्ब प्राप्त किया जाय तथा भारत सरकार के प्रयोगार्थ डी0 पी0 ई0 पी0 का प्रोजेक्ट मानीटरिंग सॉफट्वेयर जिस संस्था से तैयार कराया जा रहा है उसी संस्था से विद्यालय सांख्यिकी का सॉफट्वेयर एवं इनपुट–आउटपुट फारमेट्स को प्रदेश की आवश्यकतानुसार संशोधित कराया जाय । सभी के लिए शिक्षा परियोजना के प्रोजेक्ट मानीटरिंग के सॉफट्वेयर की संरचना भी इसी संस्था से कराई जाय क्योंकि भारत सरकार से हुये अनुबन्ध के आधार पर यह संस्था (इण्टर कॉंटीनेन्टल कम्प्यूटर सिस्टम्स्) सॉफट्वेयर की सरंचना कर रहा है । यह संस्था सॉफट्वेयर की तैयारी सहित इसका क्रियाशीलन, ट्रबुल शूटिंग तथा प्रशिक्षण कार्य भी करेंगी । विश्व बैंक द्वारा निर्धारित "सिंग्गल कोर्स कन्सलटेन्सी" प्रक्रिया के अनुसार इस संस्था से अनुबन्ध राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा किया जाना है । इस हेतु रूपये 1.00 लाख प्रति मॉडयूल की दर से कुल रूपये 9.0 लाख तथा प्रशिक्षण क्रियाशीलन एवं ट्रबुल शूटिंग के लिये रूपये 2.0 लाख कुल रूपये 11.0 लाख व्यय होगा ।

(6) पाठ्यक्रम समीक्षा हेतु "नामिका" (पैनल) –

इस समिति की बैठक दिनांक 6 जनवरी, 1995 को सम्पन्न हुई । इस बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित किये गये न्यूनतम अधिगम स्तर के सन्दर्भ में विचार–विमर्श हुआ तथा प्राथमिक स्तर (कक्ष–1 तथा 2) के संबंध में शिक्षक संदर्शिका तथा कार्य पुस्तिकाओं की संरचना के सन्दर्भ में निर्णय लिया गया तथा एक समय–सारिणी का भी निर्धारण किया गया, जिससे कि 30 जून, 1995 तक विकसित साहित्य मुद्रित कराकर वितरित हो सकें ।

शैक्षिक कार्यशालायें/गोष्ठियां

(1) राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा 7–11, नवम्बर 1994 की अवधि में परियोजना के जनपद स्तरीय अधिकारियों, मुख्यतः विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी (विश्व बैंक परियोजना), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी तथा उप विद्यालय निरीक्षकों की एक पाँच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

इस कार्यशाला मे 7 नवम्बर, 1994 को प्रो0 कुलदीप माथुर, निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान द्वारा उद्घाटन भाषण दिया गया ।

(ii) स्कूलों में विद्यार्थियों तथा अध्यापकों की उपस्थिति के संदर्भ में 26 नवम्बर, 1994 की एक दिवसीय विचार-गोष्ठी गोरखपुर जिला मुख्यालय पर आयोजित की गई । इसमें जन-प्रतिनिधियों, जिला पंचायत अध्यक्ष, मा0 विधायक, विकास खण्ड प्रमुख, ग्राम शिक्षा समितियों के सदस्यों, पत्रकार, मण्डलायुक्त, राज्य परियोजना निदेशक तथा राज्य परियोजना कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, जिला-धिकारी एवं अध्यक्ष, जिला शिक्षा परियोजना समिति तथा इस समिति के अन्य सदस्य-गण, शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा अन्य विभागीय अधिकारियें ने प्रतिभाग कर विचारों का आदान-प्रदान किया।

(iii) परियोजना जनपदों में सेवारत अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्राप्त अनुभवों के आधार पर आगामी शिविरों में गुणात्मकता में वृद्धि हेतु राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में 24-25 दिसम्बर, 1994 को एक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

भ्रमण

(i) डॉ0 (श्रीमती) एंड्रिया बी0 रग, क्रियेटिव एसोसियेट्स, कन्सलटेन्ट फॉर यू.एस.ऐड ने दिनांक 11 नवम्बर 1994 को डॉ0 ऊषा नय्यर, विभागाध्यक्ष, एन0सी0ई0आर0टी0 के साथ लखनऊ भ्रमण पर आयी तथा इन्होंने बालिका तथा महिला शिक्षा से संबंधित राज्य परियोजना कार्यालय स्तर पर विचार-विमर्श किया ।

(ii) श्री आर0एल0 सुधीर, शिक्षा सचिव, हरियाणा सरकार ने दिनांक 8-10 दिसम्बर, 1994 की अवधि में प्रदेश का भ्रमण किया तथा परियोजना के संबंध में विचार-विमर्श किया तथा सीतापुर जनपद का स्थलीय निरीक्षण कर परियोजना की गतिविधि के क्रियान्वयन को देखा ।

(iii) श्री आर0सी0 त्रिपाठी, सलाहकार (शिक्षा), योजना आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली ने दिनांक 30 जनवरी, 1995 को बैठक राज्य परियोजना कार्यालय में ली, जिसमें उ0प्र0-"सभी के लिये शिक्षा" परियोजना के विभिन्न कार्यक्रमों/गतिविधियों के क्रियान्वयन तथा उसके अनुश्रवण की समीक्षा की ।

प्रस्ताव :-

यह टिप्पणी गत बैठक के निर्णयों की अनुपालन आख्या तथा परियोजना से संबंधित अद्यतन गतिविधियों से अवगत कराने तथा पृष्ठ 3 और 4 पर क्रमांक 4 तथा 5 मे उल्लिखित प्रस्तावों पर अनुमति प्रदान करने हेतु प्रस्तुत है ।

****

गत बैठक के बाद अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति से प्राप्त आदेशों का अनुसमर्थन

(1) स्क्रीनिंग/चयन समिति का पुनर्गठन कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 1 अक्टूबर, 1993 में लिये गये निर्णय के अनुसार राज्य परियोजना कार्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या–162/93–94, दिनांक 25 नवम्बर, 1993 द्वारा स्क्रीनिंग/चयन समिति का गठन किया गया था। जून, 1994 में पूर्णकालिक राज्य परियोजना निदेशक की नियुक्ति प्रदेश शासन द्वारा किये जाने पर अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति के आदेश प्राप्त कर कार्यालय ज्ञाप संख्या–256/स0शि0/अधि0/नियु0/18/94–95, दिनांक 3 अगस्त, 1994 द्वारा निम्नवत् स्क्रीनिंग/चयन समिति का गठन किया गया :–

क्रमांक	पदनाम	स्क्रीनिंग/चयन समिति
1	2	3
(1)	राज्य स्तरीय वरिष्ठ विशेषज्ञ, सांख्यिकीय अधिकारी, कम्प्यूटर प्रोग्रामर एवं जनपद स्तरीय विशेषज्ञ(परियोजना के राज्य तथा जनपद स्तरीय कार्यालयो के द्वितीय श्रेणी तथा उससे उच्च समस्त पद)	1. राज्य परियोजना निदेशक–अध्यक्ष, 2. शिक्षा निदेशक (बेसिक), 3. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद 4. विशेष सचिव(शिक्षा), प्रमुख सचिव (शिक्षा), एवं उपाध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति द्वारा नामित), 5. अपर राज्य परियोजना निदेशक।
(2)	सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी, लेखाकार, कम्प्यूटर ऑपरेटर, शिविर लिपिक, कनिष्ठ लेखा लिपिक, कनिष्ठ लिपिक एंव टंकक/लिपिक	1. राज्य परियोजना निदेशक–अध्यक्ष, 2. शिक्षा निदेशक (बेसिक), 3. निदेशक, उर्दू एंव प्राच्य भाषाएं 4. अपर राज्य परियोजना निदेशक।

2. पूर्णकालिक राज्य परियोजना निदेशक का पदस्थापन हो जाने पर निम्नांकित पदों के सृजन हेतु अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति के आदेश प्राप्त कर कार्यवाही की गई।

क्रमांक	पद का नाम	वेतनमान	पदों की संख्या
1	2	3	4
(1)	आशुलिपिक	1640–2900	1
(2)	वाहन चालक	950–1500	2
(3)	अर्दली(चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी)	750–940	1
(4)	चपरासी(चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी)	750–940	1
(5)	वाचमैन(चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी)	750–940	1

(3) उ0प्र0–सभी के लिये शिक्षा परियोजना की कार्यकारिणी समिति द्वारा विभिन्न समितियों/टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिसमें शिक्षा निदेशक (बेसिक) एवं राज्य परियोजना निदेशक का एक साथ उल्लेख है। पूर्णकालिक राज्य परियोजना निदेशक की माह जून, 1994 में नियुक्ति हो जाने के उपरान्त एम0 आई0 एस0 क्रियान्वयन समिति एवं नीति शोध सलाहकार समिति में शिक्षा निदेशक (बेसिक) को पृथक से सदस्य के रूप में सम्मिलित करने हेतु अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति के आदेश प्राप्त किये गये तथा समिति तद्नुसार गठित की गई।

(4) परियोजना से आच्छादित जनपदों मे 1500 विद्यालय संकुल के भवनों का निर्माण न्याय पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। विद्यालय संकुल संबंधित न्याय पंचायत में प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्कूलों के शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कार्यक्रमों/गतिविधियों का यह केन्द्र-बिन्दु होगा। विद्यालय सकुंल पर एक प्रभारी अध्यापक दिया जाना है। कार्यक्रम समिति ने बैठक दिनांक 5.12.1994 तथा वित्त समिति ने बैठक दिनांक 13.12.1994 में विद्यालय संकुल के प्रभारी अध्यापकों के 1500 पदों (वेतनक्रम रू0 1350–2070) के सृजन की संस्तुति की। न्याय पंचायतों पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जिसमें सेवारत अध्यापकों के प्रशिक्षण का अनुश्रवण हेतु मासिक विचार–गोष्ठी का आयोजन भी है, 6 जनपदों में प्रारम्भ हो चुका है। तात्कालिक आवश्यकता को देखते हुए सभापति, कार्यकारिणी समिति के आदेश प्राप्त कर निम्नांकित पदों के सृजन की कार्यवाही की गई :–

क्रामंक	पदनाम	वेंतनमान(रू0)	पदों की संख्या
1	2	3	4
1.	प्रभारी अध्यापक	1350–2070	1500

प्रस्ताव :–

उपर्युक्त उल्लिखित आदेशों का अनुसमर्थन (रैटीफिकेशन) किया जाय।

वर्ष 1993–94 में स्वीकृत कार्यक्रमों/गतिविधियों की प्रगति समीक्षा

वर्ष 1993–94 में नवीन प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय भवनों का निर्माण, जर्जर भवनों का पुनर्निर्माण तथा पुनर्स्थापना की जनपदवार भौतिक लक्ष्यो के संदर्भ में राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा प्रत्येक माह की 05 तारीख की मासिक बैठक में समीक्षा की जाती है । वर्ष 1993–94 में स्वीकृत निर्माण कार्यों की कुल लागत सभी 8 मैदानी जनपदों को उपलब्ध करा दी गई है । दो पर्वतीय जनपद पौड़ी तथा नैनीताल को वर्ष 1993–94 में स्वीकृत निर्माण कार्या की कुल लागत का लगभग 50% धनराशि दी गई है । इन कार्यो के लिये प्रथम किश्त दिसम्बर, 1993 में तथा द्वितीय किश्त जून, 1994 के अन्तिम सप्ताह में परियोजना जनपदों को उपलब्ध कराई गई है । जनवरी, 1995 की मासिक बैठक में परियोजना जनपदों में दिनांक 31.12.94 तक की प्रगति की समीक्षा की गई है । प्राथमिक विद्यालय भवनों के निर्माण (संलग्नक–1), उच्च प्राथमिक विद्यालय भवनों के निर्माण (संलग्नक–2), विद्यालय भवन में विस्तार कार्य (संलग्नक–3 व 4) तथा ब्लाक संसाधन केन्द्र के निर्माण (संलग्नक–5) की सूचना संलग्न है ।

एजेण्डा बिन्दु-4
संलग्नक-I

प्राथमिक विद्यालय का भवन निर्माण - प्रगति आख्या (31/12/94)
(नवीन, पुनर्निर्माण पुर्नस्थापना)

क्र.सं.	जनपद	भौतिक लक्ष्य	ले-आउट	25%	50%	75%	पूर्ण	विवादित	अप्रारम्भ	योग	अभ्युक्ति
1.	गोरखपुर	150	- -	-	10	10	130	- -		150	
2.	वाराणसी	71	- -	10	49	- -	- -	- -	12	71	
3.	इलाहाबाद	128	- -	10	76	12	20	09	01	128	
4.	बॉदा	94	01	25	39	28	- -	01		94	
5.	सीतापुर	151	03	31	92	04	- -	12	09	151	
6.	इटावा	133	- -	12	16	41	55	09	-	133	
7.	अलीगढ़	66	05	04	31	10	06	06	04	66	
8.	सहारनपुर	55	--	- -	02	06	47	- -		55	
9.	पौडी	86	10	40	15	- -	-	-	21	86	
10.	नैनीताल	66	05	07	39	--	- -	01	14	66	
	योग	**1000**	**24**	**139**	**369**	**111**	**258**	**38**	**61**	**1000**	

उच्च प्राथमिक विद्यालय का भवन निर्माण - प्रगति आख्या (31/12/94)
(नवीन, पुनर्निर्माण पुर्नस्थापना)

क्र.सं.	जनपद	भौतिक लक्ष्य	ले–आउट	25%	50%	75%	पूर्ण	विवादित	अप्रारम्भ	योग	अभ्युक्ति
1.	गोरखपुर	57	-	--	06	06	45	--	--	57	
2.	वाराणसी	34	---	---	29	01	---	01	03	34	
3.	इलाहाबाद	64	--	06	39	05	08	02	04	64	
4.	बॉदा	27	---	06	09	12	--	--		27	
5.	सीतापुर	48	02	08	30	02	--	01	05	48	
6.	इटावा	62	--	01	09	21	27	04	–	62	
7.	अलीगढ़	34	02	--	16	07	05	01	03	34	
8.	सहारनपुर	08	---	02	---	---	06	--		08	
9.	पौड़ी	61	7	20	--	--	--	-	34	61	
10.	नैनीताल	21	02	04	13	--	--	01	01	21	
	योग	**416**	**13**	**47**	**151**	**54**	**91**	**10**	**50**	**416**	

विद्यालय भवन का विस्तार कार्य - प्रगति आख्या (31/12/94)

क्र.सं.	जनपद	भौतिक लक्ष्य		प्रारम्भ		25%		50%		75%		पूर्ण		विवादित		अप्रारम्भ		योग		
		एक कक्ष	दो कक्ष	एक कक्ष	दो कक्ष	एक कक्ष	दो कक्ष	एक कक्ष	दो कक्ष	एक कक्ष	दो कक्ष	एक कक्ष	दो कक्ष	एक कक्ष	दो कक्ष	एक कक्ष	दो कक्ष	एक कक्ष	दो कक्ष	
1.	गोरखपुर	9	10	-	-	-	--	1	1	0	3	8	6	--	--	-	0	9	10	
2.	वाराणसी	11	0	--	--	--	0	1	0	9	--	-	-	---	--	1	-	11	0	
3.	इलाहाबाद	27	10	2	1	-	-	14	7	3	--	4	2	1	--	3	--	27	10	
4.	बाँदा	33	3	--	0	4	--	18	2	9	1	1	--	-		1	0	33	3	
5.	सीतापुर	76	5	20	--	18	2	28	2	-	--	-	--	--	-	10	1	76	5	
6.	इटावा	25	2	9	0	2	0	2	--	3	0	9	2	--	--	--	0	25	2	
7.	अलीगढ़	10	5	5	--	--	--	1	1	1	2	1	-	-	--	2	2	10	5	
8.	सहारनपुर	35	10	--	--	--	0	--	--	2	1	33	9	--	--	--	-	35	10	
9.	पौड़ी	46	0	--	--	-	-	--	-	--	--	--	-	-	--	46	0	46	0	अद्यतन स्थिति अप्राप्त 1
10.	नैनीताल	28	4	3	--	4	0	6	0	-	--	-			-	15	4	28	4	
	योग	**300**	**49**	**39**	**1**	**28**	**2**	**71**	**13**	**27**	**7**	**56**	**19**	**1**		**78**	**7**	**300**	**49**	

एजेण्डा बिंदु-4

संलग्नक-4

शौचालय/पेयजल व्यवस्था - प्रगति आख्या (31/12/94)

क्रमसं.	जनपद	भौतिक लक्ष्य		प्रारम्भ		पूर्ण		विवादित		अप्रारम्भ		योग	
		शौचालय	पेयजल	शौचालय	पेयजल	शौचालय	पेयजल	शौचालय	पेयजल	शौचालय	पेयजल	शौचालय	पेयजल
1.	गोरखपुर	92	50	12	20	80	30	--	-	-	--	92	50
2.	वाराणसी	102	52	54	--	06	48	-	--	42	04	102	52
3.	इलाहाबाद	199	165	30	57	112	108	--	--	57	-	199	165
4.	बाँदा	280	170	70	--	201	--		-	09	170	280	170
5.	सीतापुर	161	138	118	--	--	--	--	-	43	138	161	138
6.	इटावा	115	75	58	25	32	30	--		25	20	115	75
7.	अलीगढ़	104	78	26	38	11	28	--		67	12	104	78
8.	सहारनपुर	90	90	10	--	80	90			-		90	90
9.	पौड़ी	155	155	--	--	-	--	-	-	155	155	155	155
10.	नैनीताल	113	81	--	--	-	-	--		113	81	113	81
	योग	**1411**	**1054**	**378**	**140**	**522**	**334**			**511**	**580**	**1411**	**1054**

एजेण्डा बिन्दु-4

संलग्नक-5

ब्लाक सन्दर्भ केन्द्र - निर्माण कार्य की प्रगति आख्या (31/12/94)

क्र0सं0	जनपद	भौतिक लक्ष्य	निर्माण की प्रगति					हस्तान्तरण	अभ्युक्ति
			अप्रारम्भ	25%	50%	75%	पूर्ण		
1	गोरखपुर	19	--	--	--	01	18	10	
2	वाराणसी	22	02	--	--	--	20	16	
3	इलाहाबाद	28	--	01	--	--	27	24	
4	बाँदा	13	--	--	--	--	13	×	
5	सीतापुर	19	01	01	--	--	17	16	
6	इटावा	14	01	--	--	--	13	05	
7	अलीगढ	17	01	--	--	01	15	09	
8	सहारनपुर	11	--	--	--	--	11	11	
9	पौडी	15	--	01	07	06	01	×	अद्यतन स्थिति अप्राप्त।
10	नैनीताल	15	--	--	--	--	15	08	
	योग	173	05	03	07	08	150	99*	

* सशर्त हस्तान्तरण ।

वर्ष 1994-95 में स्वीकृत गतिविधियों/कार्यक्रमों की प्रगति

(ए) संस्थागत क्षमता में वृद्धि

(ए-1) स्कूल मैपिंग और माइक्रोप्लानिंग -

स्कूल मैपिंग तथा माइक्रो प्लानिंग अभ्यास से परियोजना के प्रत्येक जनपद मे ज्ञात किया जायेगा कि किस स्थान/क्षेत्र में किस प्रकार की शैक्षिक व्यवस्था की क्या आवश्यकता है। इस अभ्यास के लिए प्रथम चरण में प्रत्येक जनपद के तीन विकास खण्डो को वर्ष 1994-95 मे लिया गया है । संशोधित आय-व्ययक अनुमान मे रू0 10 लाख की व्यवस्था की गयी है।

(ए-2) जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान का क्रियाशीलन -

जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान एक केन्द्र पुरोनिधानित योजना है। इस संस्थान में छात्रावास का एक अतिरिक्त खण्ड तथा पेयजल हेतु ट्यूबवेल की व्यवस्था के लिए रू0 14.50 लाख की दर से स्वीकृति प्रदान की गयी है । यह कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है। वर्ष 1993-94 मे सात जनपदों को यह धनराशि प्रदान की गयी थी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक संस्था के सुदृढीकरण के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता भी दी जायेगी । जनपद स्तर पर जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान, प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए केन्द्रीय भूमिका है। पुनरीक्षित आय-व्ययक अनुमान रू0 129 लाख है ।

(ए-3) ब्लाक संसाधन केन्द्र -

परियोजना जनपद मे प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर ब्लाक संसाधन केन्द्र की स्थापना की संकल्पना है । यह केन्द्र विकास खण्ड स्तर पर शिक्षा की विभिन्न गतिविधियाँ, प्रशिक्षण की कार्यशालायें, अन्य शैक्षिक तथा पाठ्योत्तर क्रिया-कलापो का केन्द्र है। ग्रामीण अभियंत्रण सेवा द्वारा पूर्ण निर्मित 150 भवनों मे से 99 भवन विभाग को हस्तान्तरित हो चुके है।

(ए-4) परियोजना प्रबन्धन (राज्य स्तर) -

राज्य स्तर पर परियोजना प्रबन्धन हेतु राज्य परियोजना कार्यालय की स्थापना लखनऊ मे की गयी है। राज्य परियोजना निदेशक इस कार्यालय के प्रमुख है। यह कार्यालय राज्य स्तर पर परियोजना संबंधित सभी पहलुओ/कार्यक्रमो/गतिविधियो के कार्यान्वयन/समन्वयन/मार्गदर्शन के लिए उत्तरदायी है। परियोजना के लिए पदेश के आय-व्ययक के वित्तीय प्रावधानानुसार स्वीकृतियाँ प्राप्त करना, परियोजना जनपदों का वित्तीय ससाधन सुलभ करना, धनराशि के व्यय/उपभोग का विवरण प्राप्त करना तथा प्रतिपूर्ति, के दावो को प्रेषित करना भी इस कार्यालय के प्रमुख दायित्वो मे हैं। इस कार्यालय द्वारा '**शैक्षिक प्रेक्षक**' नाम त्रैमासिक परियोजना समाचार पत्र का प्रकाशन किया जाता है। पुनरीक्षित आय-व्ययक रू0 115 लाख है।

(ए-5) जनपद स्तरीय परियोजना प्रबन्धन (अनुश्रवण व मूल्यांकन) -

परियोजना जनपदो मे एक सहायक निदेशक(विशेषज्ञ) के पदो का सृजन किया गया है। यह कार्यालय परियोजना से सबधित विभिन्न गतिविधियो के क्रियान्वयन, अन्य कार्यालय/विभाग से समन्वय तथा वार्षिक कार्ययोजना संरचना के लिए मुख्यत: उत्तरदायी है। पुनरीक्षित आय-व्ययक अनुमान रू0 130 लाख है।

(ए-6) राज्य शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण संस्थान (एस0आई0ई0एम0टी0) -

राज्य स्तर पर राज्य शैक्षिक प्रबन्धन और प्रशिक्षण सस्थान की एक स्वतंत्र संस्था के रूप मे स्थंपना हेतु इसके **'मेमोरेण्डम आफ एसोसियेशन एण्ड रूल्स'** का पंजीकरण सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अधीन दिनांक 17.11.94 को कराया गया है। इसकी कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक दिनांक 16.1.95 को सम्पन्न हुयी तथा आवश्यक पद सृजन वर्ष 1994-95 का आय-व्ययक का अनुमोदन प्रदान किया गया । निदेशक तथा दो विभागाध्यक्षो के पदों को भरने हेतु विज्ञापन निकाला जा चुका है ।

(बी-6) गुणवत्ता मे सुधार एवं पूर्णता -

(बी-1) जनपद स्तर पर सॉफटवेयर का निर्माण -

प्रत्येक जनपद मे सभी के लिए शिक्षा हेतु वातावरण सृजन, जनगतिशीलता, बाल एवं महिला शिक्षा, सतत् शिक्षा, समाज के अपवन्चित वर्ग के बच्चो के लिए शिक्षा आदि प्रमुख संघटकों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियॉ जो स्थानीय परिवेश पर आधारित हो, के आयोजन तथा जन-संचार माध्यम का अधिकतम उपयोग करने के लिए कार्यक्रम तैयार कराने के निर्देश दिये गये है। इस हेतु इस वर्ष रू0 7 लाख का संशोधित प्रावधान है। परियोजना जनपदों द्वारा समय-सारिणी तैयार कराकर कार्यक्रम कराये जा रहे है ।

(बी-2) प्राथमिक स्कूल भवनों का पुर्ननिर्माण -

वर्ष 1994-95 मे ऐसे 361 स्कूलों के जीर्ण-शीर्ण अथवा जर्जर भवनो के पुननिर्माण का लक्ष्य है। इसकी इकाई लागत मैदानी क्षेत्रो मे रू0 1.75 लाख तथा पर्वतीय क्षेत्रो मे रू0 2 लाख है। इस कार्य के लिए अभी धनराशि अवमुक्त नही की गयी है।

(बी-3) उच्च प्राथमिक स्कूलों के भवनों का पुर्ननिर्माण -

वर्ष 1994-95 मे 102 भवनो के निर्माण का लक्ष्य है। इसकी इकाई लागत मैदानी क्षेत्रों मे रू0 2.30 लाख तथा पर्वतीय क्षेत्रों मे रू0 2.55 लाख है। सम्प्रति निर्माण कार्य हेतु धनराशि अवमुक्त नहीं की गयी है।

(बी-4) विस्तार कार्य:-

(डी) वर्ष 1994-95 में 355 एकल कक्षा-कक्ष प्राथमिक/उच्च प्राथमिक स्कूलों मे निर्माण का लक्ष्य है।

(ख) वर्ष 1994-95 में 84 दो-कक्षा-कक्ष प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्कूलों में निर्माण का लक्ष्य है।

(ग) शौचालय व्यवस्था- वर्ष 1994-95 मे 4378 प्राथमिक/उच्च प्राथमिक स्कूलों मे निर्माण का लक्ष्य है। मैदानी जनपदों मे 1500 शौचालयों के लिए रू0 2.25 करोड दिया जा चुका है। प्रगति विवरण संलग्नक-3 पर है।

(घ) पेयजल व्यवस्था-वर्ष 1994-95 मे 2095 प्राथमिक/उच्च प्राथमिक स्कूलो मे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था का लक्ष्य है। इसकी इकाई लागत रू0 20 हजार निधारित की गयी है। वर्ष 1994-95 मे मैदानी जनपदो के 1000 विद्यालयो मे पेयजल व्यवस्था हेतु 1.5 करोड रू0 दिया जा चुका है। प्रगति विवरण संलग्नक-4 पर है। क्रमांक 'क' 'ख' पर उल्लिखित कार्यो तथा 'ग' एवं घ' के कार्यो हेतु निर्धारित लक्ष्यों के लिए अपेक्षित धनराशि अवमुक्त नहीं की गयी है।

(बी-5) विद्यालय भवनों की मरम्मत एवं रख-रखाव:-

स्कूल भवनो की मरम्मत एवं रख-रखाव के लिए वर्ष 1994-95 मे रू0 287 2 लाख व्यय किये जाने का प्रारम्भिक अनुमान था। स्कूल मैपिंग तथा माइक्रो प्लानिंग का अभ्यास पूर्ण न होने के कारण इस वर्ष यह कार्यक्रम प्रारम्भ नहीं किया जायेगा ।

(बी-6) प्राथमिक स्कूल के प्रधानाध्यापको के पदों का उच्चीकरण -

परियोजना के 10 जनपदों में 2262 ऐसे प्राथमिक स्कूल है जहाँ पर समान वेतनमान के दो सहायक अध्यापक हैं। उन दो अध्यापको मे से एक सहायक अध्यापक के पद का उच्चीकरण प्रधानाध्यापक के पद पर किया गया है । इन पदों पर वेतन पर होने वाले व्यय के लिए रू0 24 35 लाख मैदानी परियोजना जनपदों को दिया जा चुका है।

(बी-7) प्राथमिक स्कूलों में सहायक अध्यापको के अतिरिक्त पद:-

प्राथमिक स्कूलो मे बालक/बालिकाओ के नामांकन में वृद्धि के फलस्वरूप सहायक अध्यापकों के अतिरिक्त पदो के सृजन के कार्यक्रम का समावेश परियोजना में है किन्तु वास्तविक आवश्यकतानुसार ही पदों का सृजनकिया जायेगा ।

(बी-8) ई0सी0सी0ई0 केन्दों का खोला जाना:-

आई0सी0डी0एस0 से अनाच्छादित विकास खण्डो मे **'अर्ली चाइल्ड केयर एण्ड एजूकेशन'** (ई0सी0सी0ई0) केन्द्रो के चलाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम चरणवद्ध रूप में क्रियान्वित होगा । सम्प्रति सचिव महिला एव बाल विकास से विचार विमर्श करके 100 केन्द्रों के संचालन की कार्यवाही की जा रही है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु यह आवश्यक है कि इसे आई0सी0डी0एस0 से आच्छादित विकास खण्डों मे संचालित किया जाय।

(बी-9) विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण:-

परियोजना के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर पढ़ने वाले बालक/बालिकाओ का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना है । इस हेतु चिकित्सा विभाग से (सभी जनपदो को भेजे जा चुके हैं। विद्यार्थी स्वास्थ्य परीक्षण के कार्ड मे एकरूपता की दृष्टि से राज्य स्तर पर मुद्रित कराकर वितरित किया गया है। पुनरीक्षित आय-व्ययक रू0 9.90 लाख है।

(बी-12) बालिकाओं के लिए कार्यानुभव कार्यक्रम:-

उच्च प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं के लिए 30 चयनित विकास खण्डों में एक-एक उच्च प्राथमिक स्कूलो मे बालिकाओ के कार्यानुभव का मार्गदर्शी (पाइलेट) कार्यक्रम संचालित किया जायेगा । 3 वर्षो के उपरान्त इसके अनुभव की समीक्षा करके इसका विस्तार किया जायेगा वर्ष 1994-95 इस कार्यक्रम का प्रथम वर्ष होगा । इस योजना का अनुमोदन आई0डी0ए0 से प्रापत हो गया है । कार्यानुभव कार्यक्रम के लिए विद्यालयों के चयन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है।

(बी-13) महिला सामख्या :-

महिलाओं में जागरूकता लाने तथ उनके स्तर को सुधारने के दृष्टिकोंण से प्रदेश के चार जनपदो (वाराणसी, बांदा, सहारनपुर तथा टिहरी-गढवाल) मे यह योजना संचालित है। इन चार जनपदों मे से परियोजना के तीन जनपद आच्छादित हैं । इलाहाबाद तथा पौड़ी जनपद मे इस कार्यक्रम का विस्तार वर्ष 1994-95 मे किया गया है तथा शेष पाच जनपदों को भी आगामी 2 वर्षो में आच्छादित किया जायेगा । महिला समाख्या कार्यक्रम का अनुमोदन आई0डी0ए0 से प्रापत हो गया है और एम0ओ0यू0 पर हसताक्षर हो चुके है तथा प्रथम किश्त की धनराशि रू0 32.14 लाख अवमुक्त कर दी गयी है।

(बी-14) अनुसूचित जाति तथा जनजाति की बालिकाओं के लिए छात्रवृत्ति -

अनुसूचित जाति तथा जनजाति की सभी बालिकाओं को छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने की एक मार्गदर्शी (पाइलट) कार्यक्रम प्रत्येक परियोजना जनपद के एक विकासखण्ड के 10 विद्यालयो मे संचालजित किया जायेगा । यह छात्रवृत्ति समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदान की जा रही छात्रवृत्ति के समान होगी । इस कार्यक्रम को लगातार दो वर्षो तक सचालित किया जायेगा । इस योजना का अनुमोदन आई0डी0ए0 से प्रापत हो गया है । छात्रवृत्ति के लिए अर्हबालिकाओं के चयन की कार्यवाही कर ली गयी है।

(बी-15) प्रशिक्षण कार्यक्रम:-

परियोजना में जनपद स्तर पर जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, विकास खण्ड स्तर पर **'ब्लाक संसाधान केन्द्र'** तथा न्याय पंचायत स्तर पर **'विद्यालय संकुल'** की व्यवस्था विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए है। इसके माध्यम से सेवारत अध्यापकों को पुनर्बोधात्कक तथा/अथवा कौशल आधारित प्रशिक्षण, ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यो का पुनर्बोधन कराने तथा

इसके अतिरिक्त शिक्षा तथा अन्य विभाग के विभिन्न स्तर के कर्मियों का भी प्रशिक्षण आयोजित कराने का लक्ष्य है। सेवारत अध्यापको के प्रशिक्षण हेतु एन0सी0आर0ई0टी0 द्वारा 40 मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षित किये गये तथा जनपद स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स ने 350 रिसोर्स पर्सन्स को प्रशिक्षित किया। रिसोर्स पर्सन्स द्वारा विकास खण्ड स्तर पर अध्यापको को प्रशिक्षित किया जाता है । प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को एक दिवसीय अनुश्रवण कार्यशाला का आयोजन विद्यालय संकुल स्तर पर किया जाता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों मे प्रशिक्षण के उपागम, सहयोगी अधिगम के लिए पढ़ना, न्यूनतम अधिगम स्तर की प्राप्ति हेतु प्रभावी शिक्षण, सहपाठियो को पढाना, बहुश्रेणी शिक्षण, स्कूली शिक्षा के लिए तैयारी, मूल्यांकन तथा शिक्षण-पठन सामग्री आदि विषयों का समावेश किया गया है। प्रशिक्षण के उपरान्त प्रत्येक अध्यापक को अपने विद्यालय मे प्रयोग हेतु सामग्री का एक किट भी प्रदान किया जाता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की मार्च, 1994 तक की सारिणी तैयार कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे हैं (संलग्नक-1)

(बी-16) अध्यापक जर्नल का प्रकाशन:-

परियोजना से संबधित तथा शिक्षा के क्षेत्र से संबधित विभिन्न महत्वपूर्ण तथ्यों, शिक्षण विद्या, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया आदि की जानकारी प्रदान करने के लिए **'संकल्प'** नामक अध्यापक जर्नल का प्रकाशन राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा कराया जा रहा है। अब तक चार अंक प्रकाशित हो चुके है।

(बी।7) पाठ्यक्रम में सुधार व समीक्षा:-

प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर के पाठ्यक्रम की समीक्षा तथा न्यूनतम अधिगम स्तर को सुनिश्चित कराने हेतु पाठ्यक्रम मे सुधार का दायित्व राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद का है। इस हेतु उत्तर प्रदेश सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद नामक **'पैनेल'** का भी गठन हो चुका है तथा इसकी बैठक भी हुई हैं।

(बी-19) परीक्षण एवं मापन:-

न्यूनतम अधिगम स्तर को सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से परीक्षण एव मापन के लिए रू0 10 लाख की व्यवस्था की गयी है। यह कार्य राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से किया जाना है।इस वर्ष प्रारम्भिक तैयारी हेतु एक कार्यशाला का आयोजन प्रस्तावित है।

(बी-20) अध्यापक संदर्शिका व अनुपूरक पठन-सामग्री -

न्यूनतम अधिगम स्तर के अनुरूप पाठ्यक्रम में सुधार तथा अपेक्षित दक्षताओं का समावेश करते हुये नवीन पाठ्य पुस्तकों की संरचना का कार्य राज्य शैक्षिक अनुसधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा किया जाना है। इस परिषद द्वारा प्रारम्भिक कार्यवाही कर ली गयी है तथा इससे संबंधित कार्यशाला का आयोजन भी इस वर्ष प्रस्तावित है।

(बी-21) शिक्षण अधिगम सामग्री की व्यवस्था :-

पूर्व संचालित स्कूलों मे शिक्षण अधिगम सामग्री आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था है । यह कार्यक्रम इस वित्तीय वर्ष मे प्रारम्भ नहीं जा सकेगा क्योंकि नीपा द्वारा स्कूल सांख्यिकी संकलन का **'साफटवेयर'** समय से उपलब्ध नहीं कराया गया है। अत: अपेक्षित सूचना संकलित नहीं हो सकी है।

(बी-22) विद्यालय संकुल :-

प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर एक विद्यालय संकुल की स्थापना की जायेगी । कुल 1500 विद्यालय संकुल के भवन (5 6×10 मी0 का एक बड़ा कक्ष, 5.6×2.5 मी0 बराण्डा) का निर्माण कराया जायेगा। 466 विद्यालय संकुलों के लिए उनकी निर्माण लागत का लगभग 50% रू0 417.83 लाख परियोजना जनपदो को दिया जा चुका है। पुनरीक्षित आय-व्ययक अनुमान रू0 141.9 लाख है इससे 615 विद्यालय संकुल निर्मित हो सकेगे ।

(बी-23) ग्राम शिक्षा समितियो की प्रोत्साहन :-

प्रत्येक विकास खण्ड की एक शिक्षा समिति को सभी के लिए परियोजना के क्रियान्वयन हेतु उत्कृष्ट कार्य के लिए रू0 25 हजार प्रोत्साहन स्वरूप दिये जाने का प्रस्ताव है। ग्राम शिक्षा समितियो को प्रोत्साहन अनुदान से सम्बन्धित कार्यक्रम की टिप्पणी एजेन्डा विन्दु-9 पर है।

(बी-24) बेस लाइन अध्ययन :-

परियोजना के प्रभावी के पूर्व वाराणसी सीतापुर तथा नैनीताल जनपदो का बेस लाइन अध्ययन कराया जा चुका है। शेष 7 जनपदों त एक नियंत्रित जनपद (बाराबंकी) का बेस लाइन अध्ययन - तीन संस्थाओ (गोविन्द बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान,इलाहाबाद, यू0पी0 डेस्को, लखनऊ तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, लखनऊ) के माध्यम से सम्पन्न कराने हेतु इन संस्थाओ द्वारा सर्वेक्षण के लिए चयनित मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण एन0सी0ई0आर0टी0 के सहयोग से पूर्ण कर लिया गया है । सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। प्रारम्भिक आख्या/प्रतिवेदन मार्च 1995 तक प्राप्त हो जायेगी।

सी-पहुंच में सुधार

(सी-1) प्राथमिक स्कूलों का खोला जाना :-

प्रदेश मे निर्धारित मानक(1.5 कि0मी0 की परिधि तथा 300 की जनसंख्या एवं पर्वतीय क्षेत्रों मे एक किलोमीटर की दूरी पर एक प्राथमिक स्कूल) के आधार पर वर्ष 1994-95 में 739 प्राथमिक स्कूल खोलने का लक्ष्य है इस भवन की अधिकतम लागत मैदानी क्षेत्र में रू0 1.75 लाख तथा पर्वतीय क्षेत्र में रू0 2 लाख है । वर्ष 1994-95 मे मैदानी जनपदों में 650 प्राथमिक विद्यालयो के लिए रू0 848.6 लाख परियोजना जनपदों को अवमुक्त किया जा चुका है। प्रगति विवरण संलग्नक-2 पर है।

(सी 2) उच्च प्राथमिक स्कूलों का खोला जाना

प्रदेश मे निर्धारित मानक(मैदानी क्षेत्र मे 3कि0मी0 की परिधि तथा 800 जनसंख्या पर एक उच्च प्राथमिक स्कूल) के आधार पर वर्ष 1994-95 में 452 उच्च प्राथमिक स्कूल खोलने का लक्ष्य है। इस भवन की अधिकतम लागत मैदानी क्षेत्रो मे रू0 2.30 लाख तथा पर्वतीय क्षेत्रों रू0 2.55 लाख है। वर्ष 1994-95 में मैदानी जनपदों में 390 उच्च प्राथमिक विद्यालयो के लिए रू0 784.78 लाख परियोजना जनपदों को अवमुक्त किया जा चुका है । प्रगति विवरण संलग्न-3 पर है।

(सी-3) नगर क्षेत्रों में स्कूलो की पुर्नस्थापना

(क) प्राथमिक स्कूल-नगर क्षेत्र में ऐसे प्राथमिक स्कूल जो असुरक्षित भवनों मे चल रहे है तथा/अथवा जिन्हें एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र मे स्थानान्तरित किया जाना है, के पुनेस्थापन की दृष्टि से वर्ष 1994-95 मे 69 प्राथमिक स्कूलो का लक्ष्य रखा गया है। इसकी इकाई लागत प्राथमिक स्कूल भवनों के निर्माण के समान है।

(ख) उच्च प्राथमिक स्कूल - नगर क्षेत्र में ऐसे प्राथमिक स्कूल असुरक्षित भवनो में चल रहे है तथा/अथवा जिन्हें एक क्षेत्र में स्थानान्तरित किया जाना है,के पुर्नस्थापन की दृष्टि से वर्ष 1994-95 मे 2 उच्च प्राथमिक स्कूलो का लक्ष्य है। इसकी इकाई लागत उच्च प्राथमिक स्कूलो के निर्माण के समान है।

(सी-4) अनोपचारिक शिक्षा केन्द्रो का खोला जाना

अनौपचारिक शिक्षा की योजना एक केन्द्र पुरोनिधानित योजना है। यह योजना प्रदेश के प्रत्येक जनपद में संचालित है । परियोजना जनपदों में इसके अतिरिक्त अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम को मार्गदर्शी (पाइलेट) कार्यक्रम के रूप मे सचालित किया जायेगा जो स्थानीय आवश्यकता/मांग पर आधारित होगी । जनपद में स्कूल-मैपिग तथा माइक्रोप्लानिग का अभ्यास पूर्ण होने पर आवश्यकतानुसार इन केन्द्रो के खोले जाने का निर्णय लिया जायेगा।

अद्यतन व्यय तथा दावो के प्रतिपूर्ति से सबंधित विवरण सलग्नक 5 पर है।

एजेण्डा बिन्दु 5

(अनुलग्नक 1)

सेवारत अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम की भौतिक प्रगति (संख्यात्मक विवरण)

क्रमांक	जनपद का नाम	उपलब्धि नवम्बर--दिसम्बर, 1994		प्रस्तावित जनवरी-मार्च 1995		योग	
		शिविर संख्या	प्रतिभागी सख्या	शिविर सख्या	प्रतिभागी सख्या	शिविर (3+5)	प्रतिभागी(4+6)
1	2	3	4	5	6	7	8
(1)	वाराणसी	40	1400	42	1260	82	2660
(2)	गोरखपुर	30	1050	39	1170	69	2220
(3)	इलाहाबाद	40	1400	52	1560	92	2960
(4)	इटावा	18	630	26	780	44	1410
(5)	अलीगढ़	30	1050	31	930	61	1980
(6)	सहारनपुर	06	210	22	660	28	870
	योग	**164**	**5740**	**212**	**6360**	**376**	**12100**

एजेण्डा बिन्दु -5
संलग्नक-2

वर्ष 1994-95 में स्वीकृत निर्माण कार्य - प्रगति विवरण
(प्राथमिक विद्यालय भवन निर्माण)

क्र.सं.	जनपद का नाम	भौतिक लक्ष्य	स्वीकृत धनराशि (लाख रु0 में)	खोले गये खातों की संख्या	संयुक्त खातों में हस्तान्तरित धनराशि	उपलब्धि							योग
						ले-आउट	25%	50%	75%	पूर्ण	विवादित	अप्रारम्भ	
1	गोरखपुर	74	64.75	74	64.75	--	--	--	--	--	--	74	74
2	वाराणसी	58	50.75	--	--	--	--	--	--	--	--	58	58
3	इलाहाबाद	118	103.25	--	--	--	--	--	--	--	--	118	118
4	बाँदा	57	49.88	57	35.00	15	5	--	--	--	--	37	57
5	सीतापुर	145	126.88		----	स्थल चयन की कार्यवाही नहीं हुई है ।					----	145	145
6	इटावा	93	81.38	93	70.00	15	--	7	5	--	--	66	93
7	अलीगढ	65	56.88	--	--	--	--	--	--	--	--	65	65
8	सहारनपुर	40	35.00	--	--	--	--	--	--	--	--	40	40
9	पौडी	42	--	--	--	--	--	--	--	--	--	42	42
10	नैनीताल	47	--	--	--	--	--	--	--	--	--	47	47
	योग	**739**	**568.77**	**224**	**169.75**	**30**	**5**	**7**	**5**	--	--	**692**	**739**

टिप्पणी :-

उक्त प्रगति विवरण वर्ष 1994-95 में खोले जाने वाले नवीन प्राथमिक विद्यालयों के भवन निर्माण क सम्बन्ध मे है । इन कार्यो के लिए कुल धनराशि का 50% अवमुक्त किया गया है । वर्ष 1994-95 में 361 प्राथमिक विद्यालयों के पुनर्निर्माण तथा 69 प्राथमिक विद्यालयों की पुनर्स्थापना का लक्ष्य है । इन कार्यो के लिए धनराशि उपलब्ध होने पर परियोजना जनपदों को दी जायगी । पर्वतीय जनपदों के लिये कोई धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है ।

एजेण्डा बिन्दु- 5
सलग्नक-3

वर्ष 1994-95 में स्वीकृत निर्माण कार्य - प्रगति विवरण

(उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन निर्माण)

क्र.सं.	जनपद का नाम	भौतिक लक्ष्य	स्वीकृत धनराशि (लाख रू0 में)	खोले गये खातों की संख्या	संयुक्त खातें में हस्तान्तरित धनराशि	उपलब्धि							
						ले-आउट	25%	50%	75%	पूर्ण	विवादित	अप्रारम्भ	योग
1	गोरखपुर	12	13.80	112	11.5	--	--	--	--	--	--	12	12
2	वाराणसी	47	54.04	--	--	--	--	--	--	--	--	47	47
3	इलाहाबाद	66	75.90	--	--	--	--	--	--	--	--	66	66
4	बाँदा	38	43.70	138	36.8	5	8	2	--	--	--	23	38
5	सीतापुर	84	96.60		----	स्थल चयन की कार्यवाही नही हुई है ।					---	84	84
6	इटावा	95	109.25	95	59.8	12	--	6	4	--	--	73	95
7	अलीगढ	38	43.60	--	--	--	--	--	--	--	--	38	38
8	सहारनपुर	10	11.50	--	--	--	--	--	--	--	--	10	10
9	पौडी	31	--	--	--	--	--	--	--	--	--	31	31
10	नैनीताल	31	--	--	--	--	--	--	--	--	--	31	31
	योग	**452**	**448.40**	**145**		**17**	**8**	**8**	**4**	**--**	**--**	**415**	**452**

टिप्पणी :-

उक्त प्रगति विवरण वर्ष 1994-95 में खोले जाने वाले नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों के भवन निर्माण के सम्बन्ध - मे है । इस कार्य के लिये कुल धनराशि का 50% अवमुक्त किया गया है । वर्ष 1994-95 मे 102 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के पुनर्निर्माण तथा 02 उच्च प्राथमिक विद्यालयों की पुनर्स्थापना का लक्ष्य है । इन वर्षो के लिए धनराशि उपलब्ध होने पर परियोजना जनपदों को दी जायेगी । पर्वतीय जनपदों के लिये कोई धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है ।

वर्ष 1994-95 में स्वीकृत निर्माण कार्य - प्रगति विवरण
(विस्तार कार्य)

क्र0सं0	जनपद का नाम		भौतिक लक्ष्य	स्वीकृत धनराशि (लाख रू0 में)	खाले गये खातो की सख्या	संयुक्त खातों में हस्तान्तरित धनराशि	उपलब्धि						यो
							प्रारम्भ	25%	50%	75%	पूर्ण	विवादित	अप्रारम्भ
1	गोरखपुर	शौचालय	283	15									
		पेयजल	115	15									
2	वाराणसी	शौचालय	361	15									
		पेयजल	122	15									
3	इलाहाबाद	शौचालय	709	15									
		पेयजल	354	15									
4	बाँदा	शौचालय	412	15									
		पेयजल	178	15									
5	सीतापुर	शौचालय	573	15									
		पेयजल	299	15									
6	इटावा	शौचालय	404	15									
		पेयजल	159	15									
7	अलीगढ	शौचालय	369	15									
		पेयजल	169	15									
8	सहारनपुर	शौचालय	312	15									
		पेयजल	188	15									
9	पौडी	शौचालय	553	--									
		पेयजल	337	--									
10	नैनीताल	शौचालय	402	--									
		पेयजल	174	--									
	योग	**शौचालय**	**4378**	**120**									
		पेयजल	**2095**	**120**									

- शौचालयों के लिये विद्यालयों का चयन सभी जनपदों मे हो चुका है ।
- पेयजल व्यवस्था के लिये निर्माण इकाई का चयन जिला शिक्षा परियोजना समिति द्वारा किया जा रहा है ।

टिप्पणी:- 4378 शौचालय में 1200 शौचालय (150 शौचालय प्रति जनपद) तथा 2095 पेयजल में से 800 पेयजल (100 पेयजल प्रति जनपद) हेतु धनराशि अवमुक्त की गई है । शेष के लिये धनराशि उपलब्ध होने पर धनराशि अवमुक्त की जायेगी । वर्ष 1994-95 मे 355 एक-कक्ष तथा 84 दो-कक्ष निर्मित होने है जिनक लिय धनराशि उपलब्ध नहीं है । पर्वतीय जनपदो क लिये अभी काई धनराशि उपलब्ध नहीं है ।

3090 – सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद

व्यय एवं- प्रतिपूर्ति का विवरण

(रु0 लाख में)

क्र0सं0	मद	प्रतिपूर्ति %	1993–94 परियोजना प्रारम्भ से		1994–95 प्रथम त्रैमासिक (अप्रैल – जून)		1994–95 द्वितीय त्रैमासिक (जुलाई – सितम्बर)		1994–95 अक्टूबर, 94		1994–95 नवम्बर, 94		1994–95 दिसम्बर, 94		1994–95 का अद्यतन योग		1993–94 तथा 1994–95 का अद्यतन महायोग	
			व्यय	देय प्रति-पूर्ति	व्यय	देय प्रति पूर्ति	व्यय	देय प्रति पूर्ति	व्यय	देय प्रति-पूर्ति	व्यय	देय प्रति-पूर्ति	व्यय	देय प्राते-पूर्ति	व्यय	देय प्रति-पूर्ति	व्यय	देय प्राते पूर्ते
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19
1.	सिविल कार्य																	
	(क) विद्यालय निर्माण/विस्तार	90	—	—	382.07	343.87	863.02	776.72	175.76	158.18	258.11	232.30	350.84	315.76	2029.80	1826.83	2029.80	1826.83
	(ख) ब्लाक संसाधन केन्द्रों का निर्माण	90	531.11	477.99	294.13	264.72	142.70	128.44	7.26	6.53	—	—	—	—	444.09	399.69	975.20	877.68
	(ग) राज्य शैक्षिक प्रशिक्षण एवं प्रबन्धन संस्थान का निर्माण	90	43.55	39.20	28.93	26.04	58.12	52.31	19.75	17.78	23.19	20.87	16.66	14.99	146.65	131.99	190.20	171.19
2.	उपकरण/सामग्री/पुस्तकें	80 से 100	12.89	10.31	2.42	1.93	7.65	6.80	0.37	0.30	—	—	—	—	10.44	9.03	23.33	19.34
3.	वाहन	65	22.28	14.48	5.54	3.61	3.55	2.31	—	—	—	—	—	—	9.09	5.92	31.37	20.40
6.	स्थानीय प्रशिक्षण	100	0.18	0.18	—	—	2.31	2.31	11.45	11.45	8.52	8.52	26.72	26.72	49.00	49.00	49.18	49.18
8.	गैर–सरकारी संस्थाओं की सेवायें	100	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	1.60	1.60	1.60	1.60	1.60	1.60
9.	वेतन–भत्ते, परिचालन रख–रखाव	90	3.78	3.39	2.36	2.13	7.65	6.89	2.66	2.39	3.08	2.77	15.56	14.09	31.41	28.27	35.19	31.66
	योग		613.79	545.55	715.45	642.30	1085.00	975.78	217.25	196.63	292.90	264.46	411.48	373.16	2722.08	2452.33	3335.87	2997.88
	अभ्युक्ति			प्राप्त		प्राप्त		प्राप्त		प्राप्त		प्राप्त						

सारांश

वर्ष	व्यय	देय प्रतिपूर्ति	प्राप्त प्रतिपूर्ति	क्लेम विचाराधीन
1993–94	631.79	545.55	545.55	——
1994–95 (नवम्बर, 1994 तक)	2310.60	2079.17	2079.17	——
दिसम्बर, 94 में	(+) 411.48	(+) 373.16	——	(–) 373.16
योग	3335.87	2997.88	2624.72	373.16

वर्ष 1994-95 का संशोधित आय-व्ययक

उ0प्र0 सभी के लिये शिक्षा परियोजना का वर्ष 1994-95 के पुनरीक्षित आय-व्ययक पर कार्यक्रम समिति की बैठक दिनॉक 5/12/94 तथा वित्त समिति की बैठक दिनॉक 13/12/94 एवं 31/1/95 में विचार-विमर्श के उपरान्त की गयी संस्तुतियों के आधार पर अनुमानों का विवरण निम्नवत् है :-

(रू0 हजार में)

क्र सं / कोड	कार्यक्रम/गतिविधि	अनुमोदित आय-व्ययक	पुनरीक्षित आय-व्ययक	व्याधिक्य/ बचत		अभ्युक्ति
1	2	3	4	5		6
